अत्यावश्यक

राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

सत्यमेव जयते

संख्या न0 नि0 50–15/2025 2412

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा (भा.प्र.से.),
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, पटना।

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–जिला पदाधिकारी बक्सर एवं भोजपुर।

पटना, दिनांक– 9.6.26

विषय :–नगरपालिका उप निर्वाचन 2026 के अवसर पर ई.वी.एम. उपलब्ध कराने के संबंध में।
प्रसंगः–आयोग के पत्रांक–2063 दिनांक–19.05.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि नगरपालिका उप निर्वाचन, 2026 हेतु भोजपुर जिला को राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के स्वामित्व वाले एम 2 मॉडल के ई.वी.एम. में से 200 सी.यू. एवं 200 बी.यू. जिला बक्सर को उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया था, जिसके आलोक में भोजपुर जिला द्वारा वर्ष 2010 के पहले निर्मित ई.वी.एम. की आपूर्ति बक्सर जिला को की गयी। दिनांक–09.06.2026 को एफ.एल.सी. के दौरान BEL के अभियंता द्वारा दूरभाष पर सूचित किया गया कि वर्ष 2010 के पहले के निर्मित ई.वी.एम. अधिक मात्रा में खराब पाये जा रहे हैं। विदित हो कि बक्सर जिला में कुल 85 मतदान केन्द्र पर मतदान कराया जाना है।

नगरपालिका उप निर्वाचन, 2026 के महत्ता को देखते हुए भोजपुर जिला को निदेश दिया जाता है कि वर्ष 2010 के बाद वाले निर्मित ई.वी.एम. में से 150 बी.यू. एवं 150 सी.यू. बक्सर जिला को इस शर्त के साथ प्रदान करेंगे कि ई.वी.एम. के भंडारण एवं स्थानांतरण में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित भंडारण/सुरक्षा संबंधी सभी मानक प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला पदाधिकारी, भोजपुर को निदेश दिया जाता है कि अविलम्ब राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के स्वामित्व वाले एम 2 मॉडल के वर्ष 2010 के बाद वाले निर्मित ई.वी.एम. में से 150 सी.यू. एवं 150 बी.यू. बक्सर जिला को उपलब्ध कराने की कार्रवाई करेंगे। ई.वी.एम. प्राप्त करने की जिम्मेवारी बक्सर जिला प्रशासन की होगी जिसमें आवश्यक सहयोग भोजपुर जिला पदाधिकारी द्वारा दिया जाएगा। साथ ही निदेश दिया जाता है कि उक्त लेन–देन की विवरणी आयोग के ई.वी.एम पोर्टल पर भी अपडेट करेंगे। आयोग के पोर्टल पर अपलोड करने में यदि को कठिनाई होती है तो आयोग में पदस्थापित **आई.टी. प्रबंधक, श्री नीतीश कुमार, (मो0नं0–8709899672) अथवा श्री राहुल कुमार, प्रबंधक, एस.ई.आर. (मो0नं0–8789411175)** से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

विश्वासभाजन

ह0/- 9.6.26

सचिव।

ज्ञापांक– न0नि0–50–15/2025 2412 पटना, दिनांक– 9.6.26

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 9.6.26

सचिव।

ज्ञापांक– न0नि0–50–15/2025 2412 पटना, दिनांक– 9.6.26

प्रतिलिपि :– पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना के आप्त सचिव/पुलिस महा निरीक्षक, पटना/ पुलिस उप महा निरीक्षक पटना/पुलिस अधीक्षक, बक्सर, एवं भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 9.6.26

सचिव।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar

E:\dhiru\Prem sir letter.2.docx

ज्ञापांक– न0नि0–50–15/2025 2412 पटना, दिनांक– 9.6.26

प्रतिलिपि :– प्रमंडलीय आयुक्त, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक– न0नि0–50–15/2025 2412 पटना, दिनांक– 9.6.26

प्रतिलिपि :– 1. नोडल पदाधिकारी, ई.वी.एम. कोषांग, बक्सर एवं भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. श्री नीतिश कुमार, आई.टी. प्रबंधक, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार /श्री राहुल कुमार, एस.ई.आर. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar

E:\dhiru\Prem sir letter.2.docx